<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

<u>राजभवन में कैप्टन मनोज पाण्डेय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित</u>

लखनऊः 03 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन मनोज पाण्डेय की 16वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वैसे तो राजभवन में अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। कुछ माह पूर्व कुष्ठ पीड़ित जो सामाजिक बहिष्कार से भी पीड़ित होते हैं, ने अपने खास अदांज में राजभवन में भजन प्रस्तुत किया था। उपस्थित जनसमूह का हृदय दर्द और करूणा से भर गया था। मगर आज एक वीर पुत्र की पुण्यतिथि पर आयोजित सभा से राजभवन धन्य हो गया। राजभवन में कोई आयोजन होता है तो उसका असर पूरे प्रदेश पर होता है। उन्होंने कहा कि इसमें भी एक सन्देश निहित है।

राजभवन में पुण्यतिथि का आयोजन परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय वेलफेयर सोसायटी द्वारा भावांजलि व सम्मान समारोह के रूप में किया गया था। इस अवसर पर शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय की माता श्रीमती मोहिनी पाण्डेय, पिता श्री गोपीचन्द्र पाण्डेय, परिवारजन व अन्य विशिष्ट नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्री पवन मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक 'द हीरो आॅफ बटालिक' का विमोचन व रानी लक्ष्मीबाई स्कूल के मेधावी छात्र आरिक पम्नानी व छात्रा मंजुला वर्मा का सम्मान स्मृति चिन्ह, पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेना है, जिसका शानदार इतिहास है। कारगिल युद्ध में हमारे सैनिकांे ने सीने पर जख्म खाये। हमारा कर्तव्य है कि देश पर जान निछावर करने वाले शहीदों को हम याद करें तथा समाज उनके परिवार के प्रति अपने कर्तव्य को समझे। उन्होंने कहा कि असली श्रद्धांजलि वही है जब श्रद्धा से नतमस्तक होकर उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करें।

श्री नाईक ने कहा कि उन्हें इस बात का बहुत संतोष है कि वे शहीदों की याद को चिरस्थायी बनाये रखने के लिये कुछ कर सकंे। उनके सुझाव पर सेन्ट्रल कमाण्ड, लखनऊ में प्रदेश के तीन परमवीर चक्र विजेता, कैप्टन मनोज पाण्डेय, वीर अब्दुल हमीद, नायक जदुनाथ सिंह के भित्ति चित्र बनाये गये थे, जिनके बैकग्राउण्ड में युद्ध भूमि का दृश्य भी दर्शाया गया है।

इस अवसर पर गोरखा रेजीमेन्ट द्वारा कैप्टन मनोज पाण्डेय को लेकर वाॅलीवुड में बनी एक फिल्म के क्लिप भी दिखाई गई तथा एन0सी0सी0 कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को सेवानिवृत्त आई0एस0एस0 श्री आर0के0 मित्तल ने भी सम्बोधित किया।

परमवीर चक्र विजेता
अमर शहीद

परमवीर चक्र विजेता
अमर शहीद

राज भवन